कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / प्रेसनोट / 2024–25 / 29 दिनांक : 03 / 05 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाषनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोटः–

(जनसम्पर्क अधिकारी)

कृषि महाविद्यालय विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली"

ग्वालियर। कृषि महाविद्यालय ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको ने मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुक किया। छात्रों द्वारा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने रैली के दौरान नारों का उदघोष करते हुए सभी को 7 मई को वोट डालने की अपील की। रैली प्रारम्भ करने से पूर्व महाविद्यालय की रासेयो प्रभारी डॉ. शोभना गुप्ता ने सभी छात्रों को मतदान के दिन देष के लिए अपना वोट अवष्य करने शपथ भी दिलवाई।

इन दिनों महाविद्यालय के छात्रों द्वारा स्वीप प्लान के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है। छात्र भ्रष्टाचार मुक्त मतदान थीम पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अत्यंत मनोरंजन तरीके से सभी को देष के विकास में उनके वोट के महत्व के प्रति जागरुक कर रहे है।

इस अवसर पर डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. प्रषांत शर्मा, डॉ. स्नेहा पाण्डेय, सपना उपाध्याय, वतन भटनागर और अंशुल गुप्ता आदि महाविद्यालय स्टॉफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।